## संपादकीय

# आगे न बढ़े जंग

पाकिस्तान स्थित कुछ आतंकी ठिकानों पर भारतीय वायुसेना की बमबारी के दूसरे दिन पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय हमारी सीमा में अपने लड़ाकू विमान भेज दिए, जिसका भारत ने कड़ा जवाब दिया। इस तरह किसी के न चाहते हुए भी लगभग युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो गई है। गौरतलब है कि बुधवार सुबह जम्मू-कश्मीर के नौशेरा सेक्टर में पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों ने भारतीय वायुसीमा का अतिक्रमण किया। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने इसका जवाब दिया और जमीन से भी उनके खिलाफ जबर्दस्त कार्रवाई हुई। नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान के एफ -16 विमानों को वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा। भारत का कहना है कि इस दौरान उसके एक एफ -16 विमान को मार गिराया गया, जिसका मलबा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नियंत्रण रेखा से 3 किलोमीटर दूर गिरा। लेकिन इस कार्रवाई के दौरान भारतीय वायुसेना का एक विमान क्रैश हुआ और उसका पायलट लापता हो गया। पाकिस्तान का दावा है कि उसने भारत के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराया है और दो भारतीय पायलट उसकी हिरासत में हैं। इस बीच पाकिस्तान सरकार की बौखलाहट इस कदर बढ़ गई कि प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को नेशनल कमांड अथॉरिटी की बैठक बुला ली, जिसके पास पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का नियंत्रण, अभियान से जुड़े हुए कमांड, तैनाती, अनुसंधान, विकास, रोजगार, अभ्यास और नीति का जिम्मा है। संभव है, यह बैठक केवल भारत और दुनिया को डराने के लिए हो कि पाकिस्तान परमाणु बम का इस्तेमाल कर सकता है। परंपरागत युद्ध में वह भारत के सामने कहीं टिकता नहीं, लिहाजा यह भी मुमकिन है उसने अभी से इस विकल्प पर सोचना शुरू कर दिया हो। यह रास्ता न सिर्फ पाकिस्तान और भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए बेहद खतरनाक है। भारत की नीति 'पहले परमाणु हथियारों का उपयोग न करने' की है तो जाहिर है, परमाणु हमले का अजेंडा पाकिस्तान के ही पास होगा। कुछ अंतरराष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञों का अनुमान है कि पाकिस्तान के पास भारत से ज्यादा परमाणु हथियार हैं, जिनमें बड़ी संख्या 'डर्टी बम' की है।

ये बम अत्यधिक खतरनाक रेडीयोधर्मी पदार्थों से भरे आणविक प्रक्षेप्यास्त्र हैं, जिनके प्रयोग से लगभग 12 करोड़ लोग तत्काल प्रभावित हो सकते हैं। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' के अनुसार यदि भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध होता है तो डेढ़ करोड़ लोग तत्काल अपनी जान गंवा देंगे और करोड़ों अन्य जानें अगले 20 वर्षों तक इसके जानलेवा दुष्प्रभावों से जाएंगी। दो देशों के बीच एटमी युद्ध शुरू हो जाने के बाद उसका दायरा सीमित करने या उसे बीच में रोकने का कोई मेकेनिज्म अभी तक सोचा भी नहीं गया है, लिहाजा भारत-पाक तनाव को उस दिशा में न बढ़ने देने की फिक्र दुनिया को अभी ही करनी चाहिए।

# 15 हजार रुपये प्रति माह से ज्यादा सैलरी वाले पर लागू नहीं होगा पीएफ - सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भविष्य निधि (प्रविडेंट फंड) में एंप्लॉयर्स और एंप्लॉयीज के योगदान को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उनपर कोई असर नहीं होगा जिनका प्रति माह मूल वेतन (बेसिक सैलरी) और विशेष भत्ता (स्पेशल अलाउंसेज) 15 हजार रुपये से ज्यादा है। हालांकि, भारत में काम कर रहे विदेशियों को इसका फायदा जरूर मिलेगा। पूर्व सेंट्रल प्रविडेंट फंड




कमिश्नर ने बताया, पीएफ कॉन्ट्रिब्यूशन का आदेश 15 हजार रुपये तक की बेसिक सैलरी और अलाउंसेज वालों के लिए ही लागू होगा। इससे ज्यादा वेतन वालों के लिए पीएफ में योगदान अनिवार्य नहीं है।

एक अन्य पूर्व सीपीएफसी के. के. जालान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश इसलिए आया है क्योंकि कई एंप्लॉयर्स वैधानिक न्यूनतम वेतन (15 हजार रुपये प्रति माह) वालों का पीएफ नहीं जमा करवा रहे थे। उन्होंने कहा, इसलिए, हमने वैसे मामलों में पीएफ डिडक्शन लागू करने का नियम लागू करने का सुझाव दिया जिनमें कुल वेतन ज्यादा, लेकिन मूल वेतन कम है जिससे पीएफ डिडक्शन का आधार बनता है। नतीजतन, कुछ एंप्लॉयीज की टेक होम सैलरी कम हो जाएगी। हालांकि, इनकी संख्या बहुत कम रहेगी।

कंसल्टिंग फर्म पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर कुलदीप कुमार ने मराठवाड़ा ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच के एक वाकये का उदाहरण दिया।

# बड़ी स्टील कंपनियों पर लंबे समय के लिए दांव लगाने का मौका!

**मुंबई (आरएनएस)।** इंडियन स्टील सेक्टर के लिए आने वाला समय बेहतर दिख रहा है। प्रमुख ब्रोकरेज हाउसेज ने टारगेट प्राइस बढ़ा दिए हैं और शेयरों को अपग्रेड कर दिया है। उन्होंने स्टील की दमदार डिमांड और कीमतों में तेजी के आधार पर ऐसा किया है। पिछले कुछ दिनों में मॉर्गन स्टैनली ने जिंदल स्टील की रेटिंग अंडरवेट से अपग्रेड कर ओवरवेट कर दी है।



मॉर्गन स्टैनली ने जिंदल स्टील की टारगेट प्राइस भी 174 रुपये से बढ़ाकर 188 रुपये कर दिया है। उसने जेएसडब्ल्यू स्टील और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की रेटिंग भी अपग्रेड कर अंडरवेट से इक्वलवेट कर दिया है। उसने जेएसडब्ल्यू स्टील का टारगेट प्राइस 278 रुपये से बढ़ाकर 296 रुपये और सेल का 53 रुपये से बढ़ाकर 54 रुपये कर दिया है। गोल्डमैन सैक्स ने भी जेएसडब्ल्यू स्टील की रेटिंग्स न्यूट्रल से अपग्रेड कर बाय कर दी है और 315 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है।

# हैदराबाद वनडे से पहले महेंद्र सिंह धोनी हुए चोटिल, नेट पर कर रहे थे बल्लेबाजी

**हैदराबाद।** महेंद्र सिंह धोनी को हैदराबाद में शनिवार को भारतीय टीम के नेट सत्र के दौरान चोट लग गई. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मुकाबला से 2 मार्च को खेला जाना है. 37 साल के धोनी टीम के सहयोगी स्टाफ सदस्य राघवेंद्र से थ्रोडाउन ले रहे थे, तभी उनकी दाईं बांह के अगले हिस्से में चोट लग गई.



पूर्व भारतीय कप्तान ने नेट में काफी लंबे समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया. टीम के सभी खिलाड़ी आधिकारिक सत्र के बाद थ्रोडाउन ले रहे थे.राघवेंद्र की ऐसी ही एक गेंद धोनी की बांह के अगले हिस्से से लग गई. इस अनुभवी खिलाड़ी को कुछ दर्द हुआ और एहतियात के तौर पर उन्होंने इसके बाद बल्लेबाजी नहीं की.

यह चोट गंभीर है या नहीं, या पहले वनडे में उनका खेलना संदिग्ध है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी. अंतिम फैसला शाम तक लिये जाने की उम्मीद है.अगर धोनी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं, तो ऋषभ पंत को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालनी होगी. अगर धोनी समय पर नहीं उबर पाते हैं, तो यही विकल्प होगा.

अगर टीम प्रबधंन सभी बल्लेबाजी विकल्पों को परखना चाहेगा, तो लोकेश राहुल और अंबति रायडू दोनों अंतिम एकादश में खेल सकते हैं.

# सुप्रीम कोर्ट ने आम्रपाली समूह के चेयरमैन और 2 निदेशकों को पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने कई बार निर्देश देने के बाद भी पुलिस जांच में सहयोग नहीं करने पर गुरुवार को आम्रपाली समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अनिल शर्मा और दो अन्य निदेशकों को पुलिस हिरासत में भेज दिया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को इन तीनों ही लोगों को तत्काल गिरफ्तार करने की अनुमति दी थी। इनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज है।

इन तीनों ही लोगों पर निवेशकों के धन के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि घर खरीदने वाले अभी तक अपना फ्लैट नहीं पा सके हैं। कोर्ट ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि इस अपराध में शामिल



कोई भी व्यक्ति बच नहीं पाएगा। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा आम्रपाली के निदेशक शिव प्रिय और अजय कुमार को भी इस मामले में गिरफ्तार कर सकती है।

अदालत ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश पुलिस की निगरानी में एक होटल में हिरासत में रखे गए किसी भी निदेशक को गिरफ्तार करने से किसी एजेंसी को कभी नहीं रोका। सुप्रीम कोर्ट ने आम्रपाली ग्रुप के सीएमडी अनिल शर्मा के दक्षिणी दिल्ली स्थित बंगले समेत निजी प्रॉपर्टी को भी अटैच करने के निर्देश दिए। कोर्ट के इस फैसले से यह भी स्पष्ट हो गया कि आम्रपाली ग्रुप के बाकी दो निदेशकों की प्रॉपर्टी को भी अटैच किया जा रहा है।

# झाड़सुगुड़ा से 31 मार्च से उड़ान शुरू करेगी स्पाइसजेट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने 31 मार्च से झाड़सुगुड़ा से उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जयंत सिन्हा और स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने यहाँ एक कार्यक्रम में बताया कि आज से टिकट की बुकिंग शुरू हो गयी है। पहले तीन झाड़सुगुड़ा से तीन शहरों दिल्ली, हैदराबाद और कोलकाता के लिए उड़ान शुरू की जायेगी। स्पाइसजेट को इस हवाई अड्डे का आवंटन क्षेत्रीय संपर्क योजना





'उड़ान' के तहत किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों इस हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। झाड़सुगुड़ा-दिल्ली मार्ग पर बोइंग 737-800 विमान का और अन्य दो मार्गों पर बॉम्बार्डियर क्यू400 विमान का परिचालन किया जायेगा।

# पराशकति और सर्वोच देव हैं माता दुर्गा

**शक्ति रूपणी-** देवी दुर्गा का निरूपण सिंह पर सवार एक निर्भय स्त्री के रूप में किया जाता है। वे आठ भुजाओं से युक्त हैं जिन सभी में कोई न कोई शस्त्रास्त्र होते है। उन्होने महिषासुर नामक असुर का वध किया। हिन्दू ग्रन्थों में वे शिव की पत्नी दुर्गा के रूप में वर्णित हैं। जिन ज्योतिर्लिंगों में देवी दुर्गा की स्थापना रहती है उनको सिद्धपीठ कहते है। ऐसी मान्यता है कि वहां किये गए सभी संकल्प पूर्ण होते है।

**प्रथम देव यानि ईश्वर-** हिन्दुओं के शाक्त साम्प्रदाय में भगवती दुर्गा को ही दुनिया की पराशक्ति और सर्वोच्च देवता माना जाता है क्योंकि शाक्त



साम्प्रदाय ईश्वर को देवी के रूप में मानता है। वेदों में भी दुर्गा का व्यापक उल्लेख है, किन्तु उपनिषद में देवी का उमा हैमवती अर्थात हिमालय की पुत्री, उमा के रूप में उनका वर्णन किया गया है। पुराण में दुर्गा को आदिशक्ति माना गया है, क्योंकि उन्हें शिव की पत्नी कहा गया है जो आदिशक्ति का एक रूप हैं। शिव की उस पराशक्ति को प्रधान प्रकृति, गुणवती माया, बुद्धितत्व की जननी तथा विकार रहित बताया गया है।

**एक से अनेक -** एकांकी यानि एक रूप होने पर भी देवी अपनी माया शक्ति से संयोगवश अनेक हो जाती हैं। उस आदि शक्ति देवी ने ही सावित्री ब्रह्मा जी की पहली पत्नी, लक्ष्मी, और पार्वती और सती के रूप में जन्म लिया और ब्रह्मा, विष्णु और महेश से विवाह किया था। यानि तीन रूप होकर भी दुर्गा आदि शक्ति एक ही हैं। देवी दुर्गा के स्वयं कई रूप हैं जो सावित्री, लक्ष्मी और पार्वती से अलग हैं। उनका मुख्य रूप गौरी है, जो शान्तिमय, सुन्दर और गोरा माना जाता है। उनका सबसे भयानक रूप काली है।

# करीब आधा देश सूखे की चपेट में, 16 प्रतिशत पर भीषण सूखे की मार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आईआईटी गांधीनगर के वैज्ञानिकों का कहना है कि करीब 50 प्रतिशत देश मौजूदा समय में सूखे की चपेट में है। 50 प्रतिशत आबादी में से करीब 16 प्रतिशत भीषण सूखे की मार झेल रहे हैं। ये वैज्ञानिक देश में रियल टाइम में सूखे का पता (गणना) करने पर काम कर रहे हैं।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी के असोसिएट प्रफेसर, विमल मिश्रा ने बताया कि देश में सूखे की मार झेल रहे लोगों को आने वाली गर्मियों में पानी की समस्या से जूझना पड़ सकता है। देश में सूखे को लेकर रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम



उनकी टीम द्वारा चलाया जाता है। उनकी टीम में पीएचडी छात्र अमरदीप तिवारी भी शामिल हैं जो भारतीय मौसम विभाग से मौसम संबंधी डेटा इकट्ठा करते हैं। इसके बाद इस आंकड़े का इस्तेमाल मिट्टी की नमी और दूसरी चीजों (सूखे की वजह के लिए जिम्मेदार) को सिमुलेट करने के लिए किया जाता है।

## आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा। दोपहर बाद किसी उच्च अधिकारी से वाद-विवाद होने पर कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है।

वृषभः- आज जायदाद से संबंधित विवाद में हानि हो सकती है। भौतिक सुख के साधनों की वृद्धि होगी। आप अपनी बात को लोगों के समक्ष दृढ़तापूर्वक रखने में कामयाब होंगे।

मिथुनः- आज नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ऋण भार में कमी होगी। संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने का योग है।

कर्कः- गुरु की स्थिति शुभ है। अतः आज भौतिक सुख समृद्धि में इजाफा होगा। सहकर्मियों से प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शुभ व्यय भी हो सकता है, जिससे आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

सिंहः- आज पुराने मित्रों के सहयोग से कार्यक्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे। आपके पुरुषार्थ एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

कन्याः- आज विवादों से छुटकारा मिलेगा। आपके खर्चे कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा।

तुलाः- धनु राशि का चंद्रमा आज आपको उच्चता प्रदान करेगा। धन प्राप्ति से कोष वृद्धि होगी। नौकरी वाले जातकों के अधिकारों में वृद्धि होगी।

वृश्चिकः- आपकी राशि का स्वामी मंगल अपनी राशि से षष्ठम मेष पर संचार कर रहा है। धनुः- राशि के चंद्रमा के कारण आज अकस्मात किसी महान अधिकारी या नेता से भेंटवार्ता होगी।

धनुः- नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी जो आगे चलकर धन लाभ कराएंगी। आज आपको भाई बहनों का सुख व सहयोग प्राप्त होगा। आत्म विश्वास में वृद्धि होगी।

मकरः- आपकी राशि पर वृश्चिक राशि का बृहस्पति यद्यपि पराक्रम वृद्धि कारक है। अपनी वाकपटुता व कला कौशल से शत्रु के षड़यंत्र को विफल करने का प्रयास करें। लेनदेन में सावधानी बरतें।

कुंभः- आपके पुराने रुके हुए कार्य कुछ झंझटों व खर्च करने के बाद पूर्ण हो जाएंगे। सामाजिक शास्त्र पढ़ने में मन लगाएं। आज आप अपनी बात को सत्य सिद्ध कर देंगे। शत्रु पक्ष लज्जित होगा। सायंकाल किसी धार्मिक समारोह में जाने का अवसर मिले तो लाभ उठाएं।

मीनः- आज आपकी राशि से दशम भाव में चंद्रमा कोष वृद्धिकारक है। व्यापार की दृष्टि से आज का दिन अनुकूल रहेगा। गुरु ब्राह्मण की सेवा करके गुप्त विद्याएं ग्रहण करें।

# पालक की दमदार कढ़ी...

पालक हर तरीके से होता है फायदेमंद। सब्जी हो या कढ़ी, पालक से बनने वाली दोनों की डिशेज बहुत स्वादिष्ट होती हैं तो आइए जानते हैं कैसे बनाएं स्वादिष्ट पालक की कढ़ी।



### सामग्री :

5 कप कटा पालक, 3 कप फेंटी हुई दही, पानी आवश्यकतानुसार, आधा कप बेसन, 2 टेबलस्पून धनिया पाउडर, 3/4 टीस्पून जीरा और हल्दी पाउडर, 1 टीस्पून नमक और कसूरी मेथी, 1/4 कप तेल, 5 साबूत लाल मिर्च, 1/4 कप प्याज़ और 1 टेबलस्पून बारीक कटा अदरक-लहसुन, 2 टीस्पून धनिया पाउडर

### विधि :

दही, 4 कप पानी, बेसन, 1 टेबलस्पून धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर और नमक डालकर पतला घोल बना लें।

एक कड़ाही में 2 टेबलस्पून तेल गरम करके जीरे का छौंक लगाएं।

प्या और अदरक-लहसुन डालकर भून लें।

दही-बेसन का घोल डालकर लगातार चलाते हुए धीमी आंच पर 40-45 मिनट तक पकाएं।

गाढ़ा होने पर बीच-बीच में पानी डालकर पकाएं।

पालक और कसूरी मेथी डालकर 5 मिनट और पकाएं।

एक पैन में बचा हुआ तेल गरम करके सूखी मिर्च का छौंक लगाएं।

छौंक को कढ़ी में मिलाकर चावल के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-93

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 92 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू-दोकू-93

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.92 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |